Dainik Bhaskar

April 09, 2026

Value Rs. 0.80 Lakh

बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।

5.22 लाख की ई-सिगरेट व विदेशी सिगरेट पकड़ी

निज प्रतिनिधि| नागपुर. अजनी पुलिस ने बुधवार रात मेडिकल चौक क्षेत्र में ई-सिगरेट और विदेशी सिगरेट पर कार्रवाई कर 5.22 लाख रुपए का माल जब्त किया। अजनी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मेडिकल चौक स्थित एक दुकान में प्रतिबंधित ई-सिगरेट और विदेशी सिगरेट बेची जाती है। इसके आधार पर दुकान पर कार्रवाई कर पुलिस ने प्रतिबंधित माल जब्त किया। 49 ई-सिगरेट, जिसकी कीमत 1 लाख 8800 रुपए और 79 हजार 900 रुपए की विदेशी सिगरेट सहित 5.22 लाख रुपए का माल जब्त किया। यह दुकान 3 भाई मिलकर चलाते थे। तीनों भाइयों हरीश रेवाचंद परसवानी (46), विकास रेवाचंद परसवानी (42) व जगदीश रेवाचंद परसवानी, खामला निवासी सहित माल लाकर देने वाले मुकेश रमेश चव्हाण (41) शांतिनगर निवासी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई उपायुक्त रश्मिता राव के मार्गदर्शन और अजनी के वरिष्ठ थानेदार नितिनचंद्र राजकुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मस्के, हवलदार मनोज नेवारे, प्रकाश गाडेकर, अविनाश चांगोले ने की।

Translation

Foreign cigarettes worth 0.80 lakh seized from a shop in Nagpur.